APEX HOSPITALS
"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"

30 YEARS of Excellence in Services


# APEX SAMWAD

Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network

Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow

वॉल्यूम 24, मई 2026





## रोबोटिक सर्जरी में नई ऊंचाई: एक वर्ष में 300 सफल प्रक्रियाएं

एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर ने मात्र एक वर्ष के भीतर 300 सफल रोबोटिक सर्जरी का महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि यहाँ के सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, कोऑर्डिनेटर्स, ऑपरेशन थिएटर टीम एवं सभी सहयोगी कर्मचारियों की अथक मेहनत, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है। यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी, कार्डियक सर्जरी एवं ऑन्कोलॉजी सहित विभिन्न विभागों में की गई इन सफल रोबोटिक सर्जरियों ने मरीजों को अधिक सटीक, सुरक्षित एवं उन्नत उपचार उपलब्ध कराया है। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि मरीजों और परिजनों द्वारा एपेक्स हॉस्पिटल्स पर किए गए विश्वास को भी दर्शाती है।

## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

***प्रिय डॉक्टरों, स्टाफ सदस्यों और समर्पित सहयोगियों,***

मई का महीना एपेक्स परिवार के लिए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां लेकर आया। इस माह हमने 300 सफल रोबोटिक सर्जरी का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार किया, वहीं विभिन्न यूनिट्स ने नई तकनीकों को अपनाते हुए कई उल्लेखनीय सफलताएं हासिल कीं। जटिल सर्जरियों के सफल उपचार, रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट जैसी नई उपलब्धियों तथा विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने में सफल रहे हैं।

इन सभी उपलब्धियों के पीछे आप सभी की मेहनत, समर्पण और टीमवर्क का महत्वपूर्ण योगदान है। मरीजों के विश्वास को बनाए रखते हुए हम आगे भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



धन्यवाद
**डॉ. एस.बी. झंवर**
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए

New Joining

## एपेक्स परिवार में नए सदस्य का स्वागत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में श्री भावेश शर्मा (सीनियर मैनेजर – पेशेंट केयर सर्विसेज) का स्वागत किया गया। श्री भावेश शर्मा को हेल्थकेयर मैनेजमेंट एवं पेशेंट केयर सर्विसेज के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। उनके अनुभव एवं नेतृत्व से मालवीय नगर में मरीजों को बेहतर सेवाएं एवं सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

Health & Wellness

## डॉक्टर हेल्थ चेकअप कैंप सफलतापूर्वक आयोजित



एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर द्वारा होटल सिक्स सेंस एवं होटल बाग में डॉक्टर हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप में डॉ. आयुषी सिंह (कंसल्टेंट – नेफ्रोलॉजी), डॉ. दीक्षा शर्मा (कंसल्टेंट – डेंटल) एवं डॉ. सुरेश (कंसल्टेंट – आई स्पेशलिस्ट) द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान की गई। इस हेल्थ चेकअप में 87 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। कैंप का उद्देश्य लोगों को प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के प्रति जागरूक करना एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ बनाना था।

Team Development

## एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन



एपेक्स हॉस्पिटल्स, के कॉर्पोरेट एचआर विभाग द्वारा सभी यूनिट्स के एचआर प्रतिनिधियों के लिए एचआर कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न एचआर विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सभी प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। यह कॉन्क्लेव टीमवर्क, बेहतर संवाद एवं संगठनात्मक विकास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

Wellness Initiative

## एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर द्वारा राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड में हेल्थ टॉक आयोजित



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर द्वारा राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड (RSMML) में डॉ. अंकित स्वामी, कंसल्टेंट – इंटरनल मेडिसिन द्वारा हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।सत्र के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, तनाव प्रबंधन एवं समय पर उपचार के महत्व पर चर्चा की गई।

Breakthrough

## एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल की पहली रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी सफल



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर में स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए क्षेत्र की पहली सफल रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई। अत्याधुनिक तकनीक से की गई इस सर्जरी को अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. पुलकित ठठाई एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस सुविधा से अब श्रीगंगानगर एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट जैसी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

Felicitation

## अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर नर्सिंग स्टाफ का सम्मान एवं रक्तदान शिविर

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर एपेक्स हॉस्पिटल्स की विभिन्न यूनिट्स (मालवीय नगर, मानसरोवर, सवाई माधोपुर एवं बीकानेर) में नर्सिंग स्टाफ के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में आयोजित समारोह में नर्सिंग कर्मियों के समर्पण, करुणा एवं मरीजों की देखभाल में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अब्दुल वाहिद का स्वागत किया गया। वहीं डॉ. भानु प्रकाश, डॉ. गुरजीत कौर, डॉ. ऋषभ कोचर एवं डॉ. हरीश अग्रवाल ने नर्सिंग स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए नर्सेस के योगदान की प्रशंसा की। एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर एवं सवाई माधोपुर में भी नर्सिंग कर्मियों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन ने नर्सिंग स्टाफ की सेवा भावना और समर्पण को सम्मानित किया। एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. अनिल सैनी, मेडिकल ऑफिसर एवं ब्लड बैंक इंचार्ज तथा डॉ. आशीष वर्मा, कंसल्टेंट – हीमेटो ऑन्कोलॉजी के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना एवं अधिक से अधिक लोगों को इस जीवनरक्षक कार्य के लिए प्रेरित करना था। यह आयोजन नर्सिंग समुदाय की निस्वार्थ सेवा, समर्पण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में अमूल्य योगदान को समर्पित रहा।









Healthcare Awareness

## वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे के अवसर पर नर्सिंग स्टाफ एवं इंफेक्शन कंट्रोल टीम के साथ सप्ताहभर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान एकेडमिक सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां तथा स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सप्ताहभर चले इस आयोजन का समापन एफ एंड बी (फूड एंड बेवरेज) इंडस्ट्री में हैंड हाइजीन के महत्व पर आयोजित एक विशेष परिचर्चा एवं पैनल डिस्कशन के साथ हुआ। पैनल चर्चा में डॉ. संजीव हूजा, कंसल्टेंट – पीडियाट्रिक्स, डॉ. अशोक कुमार दूधवाल, कंसल्टेंट – गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हयात प्लेस के सू शेफ श्री अंकित कुमार ने पैनलिस्ट के रूप में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनाली मित्तल, कंसल्टेंट – माइक्रोबायोलॉजी एवं इंफेक्शन कंट्रोल ऑफिसर द्वारा किया गया।

Medical Innovation

## एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल में रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सेवा का शुभारंभ




एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में अत्याधुनिक रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सेवा का शुभारंभ किया गया। इस नई सुविधा के माध्यम से मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी में अधिक सटीक, सुरक्षित एवं उन्नत उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। रोबोटिक तकनीक की सहायता से की जाने वाली नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में इम्प्लांट की बेहतर पोजिशनिंग, कम दर्द, कम रक्तस्राव तथा तेजी से रिकवरी जैसे लाभ मिलते हैं। इस सुविधा से झुंझुनूं एवं शेखावाटी क्षेत्र के मरीजों को उन्नत रोबोटिक ऑर्थोपेडिक उपचार का लाभ स्थानीय स्तर पर ही मिलेगा।

Surgical Excellence

## मिनी पीसीएनएल तकनीक से सफल किडनी स्टोन सर्जरी



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर, में डॉ. भानु कौशिक, कंसल्टेंट- यूरोलॉजी द्वारा आधुनिक मिनी पीसीएनएल (Mini PCNL) तकनीक के माध्यम से किडनी स्टोन की सफल सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति स्थिर रही तथा सफल उपचार के उपरांत उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। मिनी पीसीएनएल एक आधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीक है, जिसमें 5 मिमी के छोटे चीरे के माध्यम से सर्जरी की जाती है। इस तकनीक से मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव, तेजी से रिकवरी तथा अस्पताल में कम समय तक भर्ती रहने जैसे लाभ मिलते हैं।

Youth Engagement

## एसओएसएस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को ऑनलाइन स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर द्वारा विद्यार्थियों के लिए शुरू किए गए एसओएसएस (Student Online Swasthya Suvidha) कार्यक्रम का पहला सत्र को जगन्नाथ विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को एसओएसएस कार्यक्रम तथा एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा छात्रों के लिए उपलब्ध विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं एवं ऑफर्स की जानकारी दी गई।

Successfully Organized

## ऑपरेशंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में ऑपरेशंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना, सेवा गुणवत्ता में सुधार लाना और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्षों एवं प्रशिक्षकों ने महत्वपूर्ण जानकारियां और अपने अनुभव साझा किए।

Community & Engagement

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्थ अवेयरनेस एवं फ्री चेकअप कैंप आयोजित



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर द्वारा रोज गार्डन, शिप्रा पथ में वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्थ अवेयरनेस एवं फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य एवं नियमित जांच के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य हर आयु वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

Awareness Drive

## स्ट्रोक जागरूकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान से 145 व्यवसायी लाभान्वित



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर द्वारा उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के सहयोग से स्ट्रोक जागरूकता विषय पर एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर न्यूरो सर्जन डॉ. मुकेश सिंह भदौरिया ने स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों, जोखिम कारकों, समय पर उपचार एवं बचाव के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मार्बल उद्योग से जुड़े लगभग 145 व्यवसायियों ने भाग लिया और स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति के प्रति जागरूकता प्राप्त की।

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए

Excellence

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में सफल हाफ-मैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में हाल ही में राजस्थान के चुनिंदा अस्पतालों में उपलब्ध अत्याधुनिक हाफ-मैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट (Haploidentical BMT) सफलतापूर्वक किया गया। यह जटिल प्रक्रिया डॉ. आशीष वर्मा, कंसल्टेंट – हेमेटो ऑन्कोलॉजी एवं समर्पित B M T टीम द्वारा Myelodysplastic Syndrome (MDS) से पीड़ित मरीज पर की गई। कई मरीजों को पूर्ण मैच डोनर नहीं मिल पाता, ऐसे में परिवार का आंशिक मैच डोनर भी जीवन बचाने का अवसर देता है। इस सफल ट्रांसप्लांट ने राजस्थान में उन्नत बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कैंसर उपचार सेवाओं को नई मजबूती दी है।

Clinical Excellence

## 6 वर्षीय बच्चे का जटिल हृदय समस्या का सफल उपचार



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में पीडीए (Patent Ductus Arteriosus) से पीड़ित 6 वर्षीय बच्चे का सफल उपचार किया गया। डॉ. सौम्य महलावत, कंसल्टेंट – कार्डियोलॉजी की देखरेख में विशेष प्रक्रिया के माध्यम से इस छिद्र को सफलतापूर्वक बंद किया गया। पीडीए एक जन्मजात हृदय रोग है, जिसमें हृदय से जुड़ी दो प्रमुख रक्त वाहिकाओं के बीच जन्म के बाद भी एक असामान्य मार्ग या छिद्र खुला रह जाता है, जिससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। उपचार के दौरान बच्चे की स्थिति स्थिर रही तथा सफल उपचार के बाद उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह सफलता बच्चों में जन्मजात हृदय रोगों के समय पर निदान एवं उन्नत कार्डियक देखभाल के महत्व को दर्शाती है।

Achievement

## 120 किलो वजन वाले मरीज का सफल रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट



एपेक्स हॉस्पिटल, मालवीय नगर में डॉ. आशीष राणा, सीनियर कंसल्टेंट – ऑर्थोपिडिक्स, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पोर्ट्स इंजरी एवं आर्थ्रोस्कोपी द्वारा 120 किलो वजन वाले मरीज का सफल रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट (TKR) किया गया। अधिक वजन वाले मरीजों में घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी अधिक चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। ऐसे मामलों में रोबोटिक तकनीक सर्जरी को अधिक सटीक एवं सुरक्षित बनाती है। इस तकनीक से कम दर्द, कम ब्लड लॉस, तेजी से रिकवरी एवं बेहतर जॉइंट फंक्शन जैसे लाभ मिलते हैं। डॉ. आशीष राणा ने बताया कि उन्नत रोबोटिक सिस्टम जटिल मामलों में भी बेहतर परिणाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। घुटनों की समस्या का प्रभाव केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह व्यक्ति की स्वतंत्र रूप से कार्य करने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे मामलों में उचित समय पर किया गया उपचार मरीज को सामान्य जीवन की ओर लौटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

Launch

## एपेक्स हेल्थ कार्ड का शुभारंभ



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर में एपेक्स हेल्थ कार्ड का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाकर उन्हें नियमित स्वास्थ्य निगरानी एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है। एपेक्स मॉनिटर कार्ड के माध्यम से व्यक्ति अपने स्वास्थ्य मानकों की नियमित निगरानी कर सकेंगे तथा समय पर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## Best Unit Award April 2026






**एपेक्स रणथंभौर सेविका हॉस्पिटल, सवाई माधोपुर**

**एपेक्स हॉस्पिटल, उदयपुर**

## Employee Corner

मैंने 1 मई 2024 को एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में अकाउंट्स एवं फाइनेंस मैनेजर के रूप में कार्यभार संभाला। यहां काम करते हुए मुझे एक अच्छा, सहयोगी और प्रोफेशनल माहौल मिला है, जहां सीखने और काम करने के कई मौके मिलते हैं। मेरी जिम्मेदारी अस्पताल के फाइनेंस से जुड़े सभी काम संभालना, बजट मैनेजमेंट करना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी प्रक्रियाएं सही और समय पर पूरी हो। मैं कोशिश करता हूँ कि हर काम पारदर्शिता के साथ और सही तरीके से हो। एपेक्स हॉस्पिटल का हिस्सा बनकर अच्छा लगता है, जहां मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने पर लगातार ध्यान दिया जाता है।



दिनेश कुमार शर्मा
अकाउंट्स एवं फाइनेंस मैनेजर
एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए